ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 13-09-2022

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-09-13 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-09-14	2022-09-15	2022-09-16	2022-09-17	2022-09-18
वर्षा (मिमी)	2.0	0.0	2.0	1.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.0	35.0	37.0	36.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	27.0	26.0	25.0	26.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	63	61	60	70	71
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	37	28	26	33	32
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9.0	8.0	19.0	28.0	25.0
पवन दिशा (डिग्री)	90	163	225	233	237
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	6	7	5	4

मौसम सारांश / चेतावनी:

17 सितम्बर तक कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

खाली खेत में तारामीरा की बुवाई के लिए 2-3 बार हैरो से जुताई कर खेत तैयार करे तथा आवश्यक आदानों की अग्रिम व्यवस्था करें। एक हैक्टेयर के लिए 5 किलो बीज पर्याप्त होता है।

लघु संदेश सलाहकार:

17 सितम्बर तक कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	बाजरा की फसल को अरगट रोग से बचाने के लिए सिट्टे निकलने की अवस्था पर जाइनेब ढाई किलो या मैन्कोजेब दो किलो प्रति हैक्टेयर की दर से तीन-तीन दिन के अन्तर पर 2-3 बार छिडकाव करें।
ग्वारफली	ग्वार की फसल में जीवाणु झुलसा रोग के नियंत्रण के लिए स्टेप्टोसाइक्लीन 0.02 प्रतिशत (यानी 10 लीटर पानी में 2 ग्राम की मात्रा) का छिडकाव करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
तिल	तिल की फसल में फाईलोडी रोग के नियंत्रण के लिए रोगी पौधों को उखाड़कर नष्ट कर देवे तथा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.सी. का 2 मिलीलीटर प्रति 10 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशु बाड़े में मल-मूत्र व कचरा आदि के कारण पशु में संक्रामक रोगों व परजीवियों का प्रकोप बढ़ने का खतरा रहता है। अतः बाड़े की साफ-सफाई पर ध्यान दें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	अगेती बाजरा और मूंग की फसल अभी पकाव की ओर अग्रसर है अतः उचित कायिक पकाव पर कटाई कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित करे। खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें ।